TITLE: Re: Poor condition of Electrical Wires, Transformers and disrupted electrical supply in Amroha.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): धन्यवाद सभापति महोदय, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने का मौका दिया । जैसा कि आप जानते हैं कि देश में बिजली में रिफॉर्म्स की बात हो रही है, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, मेरे अमरोहा लोक सभा क्षेत्र में बिजली को लेकर लोग इतने परेशान हैं कि आप उसका अंदाजा नहीं लगा सकते हैं । वहां पर जिस तरीके से रोज तार टूटते हैं और ट्रांसफार्मर्स फूंकते हैं । ? **(व्यवधान)**

सभापति महोदय, बीजेपी वालों को क्या परेशानी है? ये जनहित के मुद्दे भी नहीं उठाने देते हैं। ? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बोलिए। आप उधर क्यों ध्यान देते हैं।

? (व्यवधान)

कुंवर दानिश अली : महोदय, ये डिस्टर्ब कर रहे हैं।

माननीय सभापति : आप अपनी बात बोलिए !

? (व्यवधान)

कुंवर दानिश अली : महोदय, जब मैं बोलने के लिए खड़ा होता हूं तो इनको बिजली लगती है। पता नहीं इनको कौन-सा करेंट लग जाता है।

माननीय सभापति : आप चेयर की तरफ ध्यान दीजिए।

? (व्यवधान)

कुंवर दानिश अली : सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं पिछले हफ्ते अपने लोक सभा क्षेत्र नौगांवा सादात में गया था। वहां पूरे तार जर्जर हैं। वहां जो लीड्स हैं, वे फूंकी हुई हैं और ट्रांसफार्मर्स नहीं हैं। वहां व्यवस्था बहुत ही खराब है।

सभापति महोदय, जब किसान नया ट्यूबवेल का कनेक्शन लेने जाता है तो उससे कहा जात है कि आप पैसा जमा कीजिए। आप दो लाख-तीन लाख का एस्टीमेट जमा कीजिए। वह किसान कहां से देगा? आप किसानों के ट्यूबवेल्स पर बिजली के मीटर लगाने की बात कर रहे हैं, वह तो अच्छा हुआ कि उत्तर प्रदेश में जो पिछले हफ्ते अडाणी का टेंडर होने वाला था, वह कैंसिल हो गया। जो मीटर बहुत तेजी से चलता है और दुगुना बिल लेता है, वैसे मीटर्स वहां लगाए जा रहे हैं।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है कि उत्तर प्रदेश के अंदर, खास तौर से अमरोहा लोक सभा क्षेत्र, जिसमें हापुड़ जिले का भी 40 परसेंट पार्ट आता है, उसमें जो पुराने जर्जर तार हैं, उनको तुरंत बदलवाया जाए और ट्रांसफार्मर्स की व्यवस्था की जाए। जनता बिजली का बिल देती है, लेकिन बिल देने के बाद भी उसको रात-रात भर और पूरा-पूरा दिन बिजली नहीं मिल पाती है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से यही मांग है कि उत्तर प्रदेश के अंदर अमरोहा लोक सभा में बिजली के जो तार हैं, उनको बदलवाया जाए और जनता को राहत दिलाई जाए। बहुत-बहुत

धन्यवाद । ? (व्यवधान)

کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، آپ نے مجھے ایک بہت اہم مُدعہ اُٹھانے کا موقع دیا اس کے لئے بہت بہت شکریہ۔ جیسا کہ آپ جانتے ہیں کہ بجلی[میں ریفارمس کی بات ہو رہی ہے، میں جس حلقہ سے آتا ہوں، میرے امروہہ پارلیمانہ حلقہ میں لوگ بجلی کو لیکر اتنے پریشان ہیں کہ آپ اس کا اندازہ نہیں لگا سکتے ہیں۔ وہاں پر جس طریقے سے روز تار ٹوٹ جاتے ہیں اور ٹرانسفارمر پھُک جاتے ہیں۔ (مداخلت)۔۔

چیرمین صاحب، بی۔جے۔پی۔ والوں کو کیا پریشانی ہے؟ یہ مفاد عامہ کے مدعے بھی نہیں اُٹھانے دیتے ہیں۔ (مداخلت)۔۔ جناب، یہ ڈِسٹرب کر رہے ہیں۔

چیرمین صاحب، جب میں بولنے کے لئے کھڑا ہوتا ہوں ان کو بجلی لگ جاتی ہے، پتہ نہیں ان کو کونسا کرنٹ لگ جاتا ہے۔ جناب، میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ میں پچھلے ہفتہ اپنے پارلیمانہ حلقہ نوگاواں سادات گیا تھا۔ وہاں پورو تار جرجر حالت میں ہیں۔ وہاں جو لیڈس ہیں وہ پھوکی ہوئی ہیں، اور ٹرانسفارمرس نہیں ہیں۔ وہاں ویوستھا بہت ہی خراب ہے۔

چیرمین صاحب، جب کسان نیا ٹیوب ویل کا کنیکشن لینے جاتا ہےتو اس سے کہا جاتا ہے کہ آپ پیسہ جمع کیجئے۔ آپ دو لاکھ تین لاکھ کا ایسٹیمیٹ جمع کیجئے۔ وہ کسان کہاں سے دےگا؟ آپ کسانوں کے ٹیوب ویلس پر بجلی کے میٹر لگانے کی بات کر رہے ہیں، وہ تو اچھا ہوا کہ اتر پردیش میں جو پچھلے ہفتےاڈانی کا ٹینڈر ہونے والا تھا، وہ کینسل ہو گیا۔ جو میٹر بہت تیزی سے چلتا ہے اور دوگنا بل لیتا ہے، ویسے میٹر وہاں لگائے جا رہے ہیں۔

میری آپ کے ذریعہ سے سرکار سے یہ مانگ ہے کہ اتر پردیش کے اندر، خاص طور سے امروہہ پارلیمانی حلقہ، جس میں ہاپوڑ ضلع کا بھی 40 فیصد حصّہ آتا ہے، اس میں جو پُرانے جرجر تار ہیں، ان کو فوراً بدلوایا جائے اور ٹرانسفارمر کی ویوستھا کی جائے۔ عوام بجلی کا بل دیتی ہے، لیکن بل دینے کے بعد بھی اس کو رات۔رات بھر اور پورا پورا دن بجلی نہیں ملتی ہے۔

میری آپ کے ذریعہ سے سرکار سے یہی مانگ ہے کہ اتر پردیش کے اندر امروہہ لوک سبھا پارلیمانی حلقہ میں بجلی کے جو تار ہیں، ان کو بدلوایا جائے اور عوام کو راحت دلائی جائے۔ بہت بہت شکریہ ۔[

माननीय सभापति : एडवोकेट अदूर प्रकाश जी ? उपस्थित नहीं ।

श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल जी ।